काइल को गेंदबाजी करने के बाद अपनी बांयी ओर थोड़ी अकड़न महसूस हुई और हम गर्मियों के इस स्टेज पर कोई रिस्क नहीं लेना चाहते थे।
– रॉब वाल्टर

न्यूजीलैंड के मुख्य कोच, तेज गेंदबाज काइल जैमीसन की चोट के बारे में बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी श्रेयस अय्यर

तीसरे वनडे मैच में भारतीय मैदान पर तनाव और चिंता का माहौल देखने को मिला। हर्षित राणा की गेंद पर शानदार कैच लेने के लिए दौड़े श्रेयस अय्यर गेंद को पकड़कर जमीन पर गिर पड़े और उन्हें गंभीर चोट लग गई। यह घटना 34वें ओवर की चौथी गेंद पर हुई, जिससे एलेक्स कैरी और मैट रेनशॉ के बीच चौथे विकेट के लिए 59 रनों की साझेदारी टूट गई। फिजियो दौड़े, टीम के साथी खिलाड़ी इकट्ठा हुए, और इसी चिंता के बीच, भारत के पूर्व वनडे कप्तान रोहित शर्मा आगे आए। उन्होंने अय्यर की हालत का जायज़ा लिया और उन्हें खुद बाउंड्री तक ले गए।

क्या आप जानते हैं ?... कोहली से पहले कोई भी क्रिकेटर ऐसा नहीं कर पाया। 108 वनडे मैचों (कुल 305 वनडे) में सफलता के साथ लक्ष्य का पीछा करते हुए विराट कोहली ने 6072 रन बना लिए।

दिल्ली ने पहले दिन चार विकेट पर 306 रन बनाकर की ठोस शुरुआत

नई दिल्ली, 25 अक्टूबर। अर्पित राणा (64), सनत सांगवान (79), यश ढुल (61) और आयुष दोसेजा (नाबाद 51) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर दिल्ली ने एलीट ग्रुप डी मुकाबले के पहले दिन शनिवार को हिमाचल प्रदेश के खिलाफ स्टंप के समय चार विकेट पर 306 रन बनाकर ठोस शुरुआत की। आज यहां टॉस जीतकर हिमाचल प्रदेश ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली के लिए अर्पित राणा और सनत सांगवान की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 103 रन बनाये। 37वें ओवर में देवेश शर्मा ने अर्पित राणा (64) को आउटकर हिमाचल प्रदेश को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद अर्पित गुलेरिया ने यश ढुल (61) और वैभव अरोड़ा ने कप्तान आयुष बदोनी (15) को आउट किया। आज दिन का चौथ विकेट सतन सांगवान (79) का गिरा। उन्हें देवेश शर्मा ने आउट किया। दिन का खेल समाप्त होने के समय दिल्ली ने 86 ओवरों में चार विकेट पर 306 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। आयुष दोसेजा (नाबाद 51) और सुमित माथुर (नाबाद 32) क्रीज पर मौजद थे।

अंडर-23 सीनियर विश्व कुश्ती में भारतीय महिला पहलवानों ने जीते पांच कांस्य पदक

नई दिल्ली, 25 अक्टूबर। नोवी साद (सर्बिया) में चल रही अंडर-23 सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय महिला पहलवानों ने अपने-अपने भार वर्ग में 5 कांस्य पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। पदक विजेता इस प्रकार हैं: 55 किग्रा: निशु, 57 किग्रा: नेहा शर्मा, 65 किग्रा: पुलकित, 68 किग्रा: सृष्टि, 76 किग्रा: प्रिया। इसके अलावा, दो भारतीय पहलवानों ने फाइनल में प्रवेश कर लिया है और कल जापानी प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी: 53 किग्रा: हंसिका लांबा, 59 किग्रा: सारिका मलिक।

केरल में लियोनेल मेसी का अर्जेंटीना फुटबॉल फ्रेंडली मैच हुआ स्थगित

कोच्चि, 25 अक्टूबर। लियोनेल मेसी और अर्जेंटीना फुटबॉल टीम का अगले महीने केरल में होने वाला फ्रेंडली मैच स्थगित कर दिया गया है। स्पर्धा स्पॉन्सर ने शनिवार को मैच स्थगित किये जाने की घोषणा की। उल्लेखनीय है कि अर्जेंटीना को 17 नवंबर को कोच्चि के जवाहरलाल नेहरू अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक फ्रेंडली फुटबॉल मैच खेलना था। अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने सितंबर में वेन्यू का निरीक्षण किया था। कोच्चि का दौरा इस साल फीफा अंतरराष्ट्रीय सत्र के दौरान फ्रेंडली मैचों के लिए ला एल्बिसेलेस्टे की नवंबर के अस्थायी कार्यक्रम का हिस्सा था। स्पॉन्सर ने फीफा से अनुमति मिलने में देरी का हवाला देते हुए कहा कि मैच अगले अंतरराष्ट्रीय सत्र के दौरान पुनर्निर्धारित किया जाएगा। तारीखों की घोषणा नहीं की गई।

लक्ष्य राजेश ने टॉप सीड खिलाड़ी को चौंकाया, पांच भारतीय सेमीफाइनल में, पदक पक्के

चेंगदू, 25 अक्टूबर। चेंगदू में चल रही बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 चैंपियनशिप में भारत का शानदार प्रदर्शन शुक्रवार को नए मुकाम पर पहुंच गया, जहां पांच भारतीय शटलरों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई और पदक भी पक्के किए। दिन का मुख्य आकर्षण लक्ष्य राजेश का रहा, जिन्होंने अंडर-17 बालिका एकल क्वार्टर फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त थाईलैंड की ललिता सत्तायाथाकून को 11-21, 21-16, 21-19 से हराकर जबरदस्त वापसी की। उनकी जीत ने भारतीय दल के लिए एक शानदार ऑल-राउंड दिन का समापन किया, जो अब कई सेमीफाइनल श्रेणियों में खेल रहा है। लक्ष्य के साथ अंतिम चार में छठी वरीयता प्राप्त दीक्षा सुधाकर भी पहुंच गईं, जिन्होंने एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए इंडोनेशिया की रईस्या अफ्फातुनिसा को 21-17, 21-8 से हराया। लड़कों के एकल वर्ग में, जगशेर सिंह खंगुरा ने हांगकांग के झान शिंग युई को सीधे गेमों में 21-13, 21-14 से हराकर अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी। भारत ने युगल वर्ग में भी अपनी प्रगति का जश्न मनाया, जहां जंगजीत सिंह काजला और जननिका रमेश अपने चीनी प्रतिद्वंद्वियों के रिटायर होने के बाद अंडर-17 मिश्रित युगल सेमीफाइनल में पहुंच गए। इससे पहले, शीर्ष वरीयता प्राप्त शाइना मणिमुथु ने जापान की युबुकी अज़ुमाया को 21-14, 21-16 से हराकर अंडर-15 बालिका एकल सेमीफाइनल में आसानी से प्रवेश किया। दोनों आयु वर्गों में पांच सेमीफाइनलिस्टों के साथ, भारत के युवा शटलरों ने अब तक के अपने सबसे यादगार महाद्वीपीय अभियानों में से एक का प्रदर्शन किया है।

एनटीपीसी नेशनल रैंकिंग तीरंदाजी 28 से जयपुर में

जयपुर, 25 अक्टूबर। एनटीपीसी नेशनल रैंकिंग तीरन्दाजी टूर्नामेंट 28 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक जयपुर में जगतपुरा आर्चरी एरिना में आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट में देशभर से चार सौ से ज्यादा खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। अलग- अलग कैटेगरी में राजस्थान के 60 से ज्यादा खिलाड़ी प्रतियोगिता में निशाने साधेंगे। पैरा ओलंपियन शीतल देवी प्रतियोगिता को मुख्य आकर्षण होंगी। इसके अलावा कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शिरकत करेंगे। राजस्थान तीरन्दाजी एसोसिएशन के महासचिव सुरेन्द्र सिंह ने शनिवार को यहां बताया कि टूर्नामेंट में सीनियर, जूनियर और सबजूनियर कैटेगरी में कंपाउण्ड और रिकर्व स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के आधार पर सीनियर कंपाउण्ड पुरुष वर्ग में राजस्थान के प्रद्युमन यादव, प्राजवल और पुलकित काजला ने क्वालीफाई किया है।

रोहित-विराट के दम पर भारत ने बचाया सम्मान

सिडनी 25 अक्टूबर। हर्षित राणा (चार विकेट) के बाद रोहित शर्मा (नाबाद 121) और विराट कोहली (नाबाद 74) के दमदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने शनिवार को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 69 गेंदे शेष रहते नौ विकेट से हरा दिया। 237 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रोहित शर्मा और कप्तान शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिए 69 रन जोड़े।

11वें ओवर में जॉश हेजलवुड ने शुभमन गिल को आउटकर ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता दिलाई। शुभमन गिल ने 26 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए (24) रन बनाये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी विराट कोहली ने रोहित शर्मा के साथ ना केवल पारी को संभाला तेजी के साथ रन भी बटोरे। रोहित ने 33वें ओवर की आखिरी एक रन लेकर अपना शतक पूरा किया। यह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रोहित का नौवां शतक है।

उन्होंने अपना शतक पूरा करने के लिए 105 गेंदों का सामना किया और 11 चौके और दो छक्के लगाये। दोनों बल्लेबाजों ने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की जमकर खबर ली और दूसरे विकेट के लिए 168 रनों अविजित साझेदारी कर भारत को 38.3 ओवर में 237 रन बनाकर नौ विकेट से जीत दिला दी। रोहित शर्मा 124 गेंदों में 13 चौके और तीन छक्के लगाते हुए (नाबाद121) रनों की पारी खेली। वहीं विराट कोहली ने 81 गेंदों में सात चौके लगाते हुए (नाबाद74) रन बनाये। विराट ने नेथन एलिस की गेंद पर चौका लगाकर भारत को जीत दिलाई। हालांकि ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों यह श्रृंखला 3-1 से जीती ली है।

ऑस्ट्रेलिया की ओर एकमात्र कामयाब गेंदबाज हेजलवुड रहे। इससे पहले आज यहां ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरे ट्रैविस हेड और कप्तान मिचेल शर्मा की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 61 रन जोड़े। 10वें ओवर में मोहमम्द सिराज ने ट्रैविस हेड 25 गेंदों में (29) को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये मैथ्यू शॉर्ट ने मिचल मार्श के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। इसी दौरान अक्षर पटेल ने 16वें ओवर में मिचेल मार्श (41) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया।

इसके बाद मैट रेनशॉ ने मैथ्यू शॉर्ट के साथ चौथे विकेट के लिए 61 रन जोड़े। मैथ्यू शॉर्ट (30) को 23वें ओवर में वॉशिंगटन सुंदर ने आउट किया। एलेक्स कैरी (24), मिचेल ओवेन (एक) को हर्षित राणा ने आउट किया। मैट रेनशॉ ने 58 गेंदों का सामना किया और अपनी 56 रनों की पारी में दो चौके लगाये। उन्हें भी 37वें ओवर में हर्षित राणा ने आउट किया।

मिचेल स्टार्क (दो) को कुलदीप यादव तथा नेथन एलिस (16) को प्रसिद्ध कृष्णा ने आउट किया। हर्षित राणा ने 47वें ओवर की दूसरी गेंद पर कूपर कॉनली (23) और इसी ओवर की चौथी गेंद पर जॉश हेजलवुड (शून्य) को आउटकर ऑस्ट्रेलिया की पारी का 236 के स्कोर पर अंत कर दिया। भारत की ओर से हर्षित राणा ने 8.4 ओवर में 39 रन देकर चार विकेट लिये। वॉशिंगटन सुंदर को दो विकेट मिले। मोहम्मद सिराज, अक्षर पटेल, प्रसिद्ध कृष्णा और कुलदीप यादव ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

नई शुरुआत करना हमेशा महत्वपूर्ण होता है : रोहित

सिडनी, 25 अक्टूबर। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) में तीसरे और अंतिम वनडे में मैच विजयी शतक जड़ने वाले रोहित शर्मा ने आज ऑस्ट्रेलिया से संभावित विदाई के संकेत दिए। उन्होंने सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) में प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने जाने के बाद अपने करियर पर विचार किया। रोहित ने कहा, "मुझे नहीं पता कि हम क्रिकेटर के रूप में वापसी करेंगे या नहीं, लेकिन मैंने हर पल का आनंद लिया है।" उन्होंने भविष्य के दौरों की अनिश्चितता को स्वीकार करते हुए खेल खेलने में मिली खुशी और संतुष्टि का भी ज़िक्र किया। उनकी टिप्पणियों से संकेत मिलता है कि यह ऑस्ट्रेलिया में उनका आखिरी मैच हो सकता है, हालांकि इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

भारतीय सलामी बल्लेबाज, जिन्होंने अनुकरणीय कौशल और धैर्य के साथ टीम का नेतृत्व किया, ने अगली पीढ़ी को निखारने के महत्व पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा, "यह एक युवा टीम है, और कई खिलाड़ियों ने पहले ऑस्ट्रेलिया में नहीं खेला है। जब मैंने पहली बार यहां दौरा किया था, तो सीनियर खिलाड़ियों ने मेरा मार्गदर्शन किया था। अब हमारी बारी है कि हम भी ऐसा ही करें।"

भारत के तीन मैचों की श्रृंखला 1-2 से हारने के बावजूद, रोहित टीम की प्रतिभा और क्षमता को लेकर आशावादी बने रहे। उन्होंने तैयारी, योजना और बुनियादी बातों पर टिके रहने के महत्व पर भी बात की। रोहित ने ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों की चुनौती और अनुकूलनशीलता की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा, "आपको स्थिति को समझना होगा, परिस्थितियों को समझना होगा और देखना होगा कि आप सबसे अच्छा क्या कर सकते हैं।"

2008 में अपने पहले ऑस्ट्रेलिया दौरे को याद करते हुए, रोहित ने कहा कि एससीजी ने हमेशा उनके करियर में एक विशेष स्थान रखा है। उन्होंने टीम के साथी विराट कोहली का भी आभार व्यक्त किया और इस मैदान पर खेलने के लिए उनके साझा प्रेम का उल्लेख किया।

कोग्निवेरा इंटरनेशनल पोलो कप में भारत ने अर्जेंटीना को 10-9 से हराया



नई दिल्ली, 25 अक्टूबर। प्रतिष्ठित कोग्निवेरा इंटरनेशनल पोलो कप 2024 में कौशल, गति और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला, जब टीम इंडिया ने प्रतिष्ठित जयपुर पोलो ग्राउंड, नई दिल्ली में आयोजित एक रोमांचक मुकाबले में अर्जेंटीना को 10-9 से हरा दिया। इस कार्यक्रम में एक हज़ार से ज़्यादा विशिष्ट अतिथियों ने शिरकत की, जिनमें केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी शामिल थे, जिन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर की शोभा बढ़ाई।

इस अवसर पर अरुणाचल प्रदेश के सांसद, संसदीय कार्य मंत्री और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू; जिंदल स्टील एंड पावर के अध्यक्ष, कुरुक्षेत्र के सांसद और पोलो संरक्षक नवीन जिंदल, कोग्निवेरा आईटी सॉल्यूशंस के सीईओ और एमडी कमलेश शर्मा, प्रसिद्ध कवि डॉ. कुमार विश्वास भी उपस्थित थे . लेफ्टिनेंट जनरल वी.एम.बी. कृष्णन, क्वार्टर मास्टर जनरल, भारतीय सेना; और कई देशों के राजदूतों और राजनयिकों ने इस आयोजन के वैश्विक कद को रेखांकित किया।

उत्साही दर्शकों द्वारा प्रोत्साहित, जयपुर के सवाई पद्मनाभ सिंह के नेतृत्व में टीम इंडिया ने दुर्जेय अर्जेंटीना की टीम के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। सटीक हमलों से लेकर रणनीतिक चालों तक, इस मैच में जुनून, शक्ति और साझेदारी के साथ अंतर्राष्ट्रीय पोलो का सार समाहित था।

शाम का समापन एक भव्य ट्रॉफी वितरण समारोह के साथ हुआ, जिसमें न केवल भारत की जीत का जश्न मनाया गया, बल्कि इस खेल की पहचान बन चुके अंतर्राष्ट्रीय सौहार्द की भावना का भी जश्न मनाया गया। कोग्निवेरा इंटरनेशनल पोलो कप 2024 ने एक बार फिर वैश्विक पोलो सर्किट पर भारत की बढ़ती प्रमुखता और खेल की शाश्वत भव्यता को उजागर किया।

भारतीय वायुसेना ने पंजाब पुलिस को 3-2 से हराया

जालंधर, 25 अक्टूबर। ओलंपियन खिलाड़ियों से सुसज्जित पंजाब पुलिस को 42वें इंडियन ऑयल सर्वो सुरजीत हॉकी टूर्नामेंट में भारतीय वायु सेना के हाथों 3-2 से हार का सामना करना पड़ा। जालंधर के ओलंपियन सुरजीत हॉकी स्टेडियम में शनिवार को आयोजित टूर्नामेंट के तीसरे दिन, लीग राउंड के दूसरे मैच में सीआरपीएफ दिल्ली और भारतीय रेलवे दिल्ली 1-1 से बराबरी पर रहे। पहला मैच पूल बी में भारतीय वायु सेना और 10 ओलंपियन खिलाड़ियों से सुसज्जित पंजाब पुलिस, जालंधर के बीच खेला गया। पंजाब पुलिस के लिए पहला गोल खेल के 7वें मिनट में प्रभदीप सिंह ने किया और स्कोर 1-0 कर दिया। जबकि 9वें मिनट में भारतीय वायु सेना के सुमित ने गोल करके स्कोर 1-1 कर दिया। खेल के 35वें मिनट में, पंजाब पुलिस के ओलंपियन दिलप्रीत सिंह ने पूर्व भारतीय टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह के पास पर गोल करके स्कोर 2-1 कर दिया। खेल के 39वें मिनट में, एयर फ़ोर्स के एम. क्रिअप्पा ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके स्कोर 2-2 कर दिया। खेल के 41वें मिनट में, एयर फ़ोर्स के सागर सिंगड़े ने गोल करके स्कोर 3-2 कर दिया। मैच के दौरान, पंजाब पुलिस को 13 पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन एयर फ़ोर्स के गोलकीपर पुनन्ना पलांगड़े ने भारतीय टीम के कप्तान ओलंपियन हरमनप्रीत सिंह और ओलंपियन रूपिंदरपाल सिंह द्वारा लिए गए सभी पेनल्टी कॉर्नर बचा लिए।

रोहित ने जड़ा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना नौवां शतक

सिडनी 25 अक्टूबर। भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने सभी आलोचनाओ को विराम देते हुए शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना नौंवा शतक जड़ा। यह उनके एकदिवसीय करियर का 33वां शतक है। आज यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में रोहित शर्मा ने 21वें ओवर की चौथी गेंद पर एक रन लेकर अपना अर्धशतक पूरा किया। ये उनका इस सीरीज में लगातार दूसरा अर्धशतक था। इससे पहले एडिलेड में भी उन्होंने 73 रनों की पारी खेली थी। इसके बाद उन्होंने ऑस्ट्रेलिया गेंदबाजों की खबरा लेते हुए अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर का पचासवां शतक पूरा किया। रोहित ने टेस्ट क्रिकेट में 12, एकदिवसीय में 33 और टी-20 में पांच शतक बनाये है। वह क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में यह कारनामा करने अकेले बल्लेबाज है। उन्होंने 105 गेंदों में 11 चौके और दो छक्कों की मदद से 100 रन बनाये। उन्होंने एडम जम्पा की गेंद पर एक रन लेकर अपने एकदिवसीय करियर का 33वां शतक पूरा किया।

रोहित वनडे में 100 कैच लेने वाले एलीट क्लब में शामिल

सिडनी, 25 अक्टूबर। रोहित शर्मा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में 100 से ज़्यादा कैच लेने वाले भारतीय क्रिकेटरों के विशिष्ट समूह में शामिल हो गए हैं, जिससे एक क्षेत्ररक्षक के रूप में उनकी कुशलता का पता चलता है। उन्होंने आज सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए तीसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। भारत के शीर्ष क्षेत्ररक्षकों की सूची में विराट कोहली (163), मोहम्मद अजहरुद्दीन (156), सचिन तेंदुलकर (140), राहुल द्रविड़ (124) और सुरेश रैना (102) भी शामिल हैं। रोहित का प्रभाव मैच में पूरी तरह से दिखा, जहां उन्होंने दो महत्वपूर्ण कैच लपके। 37.4वें ओवर में, हर्षित राणा ने मिशेल ओवेन को एक तेज लेंथ की गेंद फेंकी, जो पीछे हटकर गेंद को किनारे से पहली स्लिप में ले गए। रोहित ने कैच को आसानी से पकड़ लिया, जिससे राणा को तीन ओवर में अपना दूसरा विकेट मिला। बाद में, 43.5वें ओवर में, प्रसिद्ध कृष्णा ने नाथन एलिस को धीमी यॉर्कर गेंद फेंकी, लेकिन वह लो फुल-टॉस में बदल गई। एलिस ने स्लॉग करने की कोशिश की, लेकिन टाइमिंग सही नहीं रही और रोहित ने मिड-विकेट पर एक आसान कैच लपका। एलिस 19 गेंदों पर 16 रन बनाकर आउट हो गए (4 चौके, 3 डॉट)। भारत ने राणा के शानदार स्पेल की बदौलत ऑस्ट्रेलिया को 46.4 ओवर में 236 रन पर रोक दिया, जिन्होंने 8.4 ओवर में 39 रन देकर चार विकेट लिए।

ऑस्ट्रेलिया रहा नंबर वन, सेमीफाइनल में भारत से भिड़ेगा

इंदौर, 25 अक्टूबर। प्लेयर ऑफ द मैच अलाना किंग (सात विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को महिला विश्वकप के 26वें मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका को 24 ओवर में 97 रन के स्कोर पर ढेर कर दिया और फिर 163 ओवर में तीन विकेट पर 98 रन बनाकर एकतरफा जीत और तालिका में नंबर एक स्थान हासिल किया। ऑस्ट्रेलिया अब 30 अक्टूबर को नवी मुंबई में दूसरे सेमीफ़ाइनल में भारत से खेलेगा, जबकि दक्षिण अफ्रीका 29 अक्टूबर को गुवाहाटी में पहले सेमीफ़ाइनल में इंग्लैंड से भिड़ेगा।

इससे पहले टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया ने पहले गेंदबाजी करने का सही फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका के लिए लॉरा वुलफार्ट और तेजमिन ब्रिट्स की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 32 रन जोड़े। यह उनकी टीम की ओर आज के मैच में सबसे बड़ी साझेदारी रही। सातवें ओवर में मेगन शट ने लॉरा वुलफार्ट को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। लॉरा वुलफार्ट 26 गेंदों में सात चौके लगाते हुए 31 रनों की पारी खेली। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी कहर के आगे दक्षिण अफ्रीका का कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक पिच पर नहीं टिक सका। आलम यह था कि दक्षिण अफ्रीका के आठ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। सिनालो जाफ्टा ने 17 गेंदों में 29 रन बनाये। 24वें ओवर की आखिरी गेंद पर अलाना किंग ने नडीन डी क्लर्क (14) को आउट कर दक्षिण अफ्रीका की पारी का 97 के स्कोर पर अंत कर दिया।

ऑस्ट्रेलिया के लिए अलाना किंग ने सात ओवर में 18 रन देकर सात विकेट झटके और इसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। मेगन शट, किम गार्थ और एश्ले गार्डनर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

लक्ष्य छोटा था और ऑस्ट्रेलिया को ज्यादा परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। जॉर्जिया वॉल ने नाबाद 38 और बेथ मूनी ने 42 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया को आसान जीत की मंजिल पर पहुंचा दिया। ऑस्ट्रेलिया ने 165 ओवर में जीत हासिल कर ली। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने अपना शीर्ष स्थान सुनिश्चित कर लिया है और टूर्नामेंट में एकमात्र अपराजित टीम बनी हुई है।

इंदौर में दो ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेटरों के साथ हुई छेड़छाड़

यह एक बेहद निंदनीय घटना है : सैकिया

इंदौर, 25 अक्टूबर। इंदौर में दो ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेटरों के साथ एक मोटरसाइकिल सवार ने छेड़खानी की और उन्हें "अनुचित तरीके से छुआ।" ऑस्ट्रेलियाई टीम महिला विश्व कप का अपना आख़िरी लीग मैच खेलने के लिए फ़िलहाल इंदौर में है, जहां वे शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के ख़िलाफ़ उतरेंगे। यह घटना गुरुवार सुबह घटित हुई, जब दोनों खिलाड़ी एक कैफ़े की ओर पैदल जा रही थीं।

बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने घटना की निंदा करते हुए कहा, "यह एक बेहद निंदनीय घटना है। भारत अपनी मेहमाननवाज़ी और देखभाल के लिए जाना जाता है। ऐसी घटनाओं के प्रति हमारी ज़ीरो टॉलरेंस नीति है। हम राज्य पुलिस (मध्य प्रदेश) की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हैं, जिन्होंने दोषी को पकड़ लिया है। कानून अपना काम करेगा और दोषी को उचित सज़ा मिलेगी। अगर जरूरत पड़ी तो हम अपनी सुरक्षा प्रोटोकॉल की समीक्षा करेंगे ताकि सुरक्षा और मजबूत की जा सके।"

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने एक बयान जारी करते हुए कहा, "सीए पुष्टि कर सकता है कि ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम की दो सदस्यों के पास एक मोटरसाइकिल सवार आया और उन्हें अनुचित तरीके से छुआ। इस मामले को टीम की सुरक्षा दल द्वारा पुलिस को बताया गया है और अब वे इसकी जांच कर रहे हैं।"

जब यह टूर्नामेंट शुरू हो रहा था, तब मध्य प्रदेश पुलिस ने बीसीसीआई और एमपीसीए के साथ मिलकर एक सुरक्षा प्रोटोकॉल तय किया था। हम यह भी जांच कर रहे हैं कि इस सुरक्षा प्रोटोकॉल में कहां चूक हुई।

राजस्थान-जम्मू एंड कश्मीर : राजस्थान पहली पारी में 152 रन ऑलआउट

जयपुर, 25 अक्टूबर। आज से श्रीनगर में शुरू हुए राजस्थान - जम्मू एंड कश्मीर रणजी मैच के पहले दिन का स्कोर व राजकोट में राजस्थान - सौराष्ट्र टीमों के मध्य खेले गए अंडर 19 वीनू मांकड़ ट्रॉफी नॉक आउट मैच का परिणाम :-

रणजी मैच, राजस्थान - जम्मू एंड कश्मीर। राजस्थान पहली पारी 152 आल आउट। टीम के लिए महिपाल लोमरोर नाबाद 37, कार्तिक शर्मा 32, आकाश सिंह 24 व दीपक चाहर 23 रन। जम्मू एंड कश्मीर के गेंदबाज सुनील कुमार 32/4, आकिब 29/3 व युद्धवीर 48/2 विकेट। जम्मू एंड कश्मीर पहली पारी 66/2, पहले दिन का खेल समाप्त होने तक जम्मू एंड कश्मीर टीम ने 2 विकेट के नुकसान पर 66 रन बना लिए थे। राजस्थान के गेंदबाज अनिकेत चौधरी व दीपक चाहर ने 1 -1 विकेट प्राप्त किये। राजस्थान के तेज गेंदबाज अनिकेत चौधरी ने रणजी ट्रॉफी मैं 300 विकेट प्राप्त किये।

राजकोट राजस्थान - सौराष्ट्र अंडर 19 वीनू मांकड़ ट्रॉफी नॉक आउट मैच सौराष्ट्र ने राजस्थान को सुपर ओवर में हराया। सौराष्ट्र पहली पारी - 340/4, टीम के लिए वंश आचार्य नाबाद 165, हरवंश 68, पुष्पराज 62 रन। राजस्थान के गेंदबाज भव्य राज 71 /2 व अभिषेक, पर्व प्रत्येक 1-1 विकेट। राजस्थान पारी 340/9, टीम ने बल्लेबाजों व आल राउंडर्स ने शानदार खेल दिखतेहै विशाल लक्ष्य की बराबरी करते हुए मैच को सुपर ओवर तक पहुँचाया। टीम के लिए कुशाग्र ओझा 85, साहिब अभिचंदानी 60, शिफॉन खान 49, पर्व झालानी 40 व भव्यराज नाबाद 29 रनो का योगदान दिया।

सुपर ओवर, राजस्थान पारी 10/1, टीम के लिए जयवर्धन 5 , पर्व झालानी नाबाद 4 व कुशाग्र ओझा नाबाद 1 रन। सौराष्ट्र पारी 14/0, टीम के लिए हरवंश नाबाद 14 रन। राजस्थान - हैदराबाद अंडर 23 सी के नायडू ट्रॉफी मैच कल से जयपुर में राजस्थान क्रिकेट संघ की मेजबानी में जैपुरिया ग्राउंड पर खेला जायेगा , आज मैच से पूर्व दोनों टीमों ने जमकर अभ्यास किया।

रॉबिन की नाबाद पारी एवं मोहित गुप्ता की शानदार गेंदबाजी से नैना क्रिकेट एकेडमी 7 विकेट से विजयी

जयपुर, 25 अक्टूबर। मैत्री क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित आज नैना क्रिकेट ग्राउण्ड जगतपुरा में चतुर्थ डॉ.ए.पी.जे अब्दुल कलाम स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत खेले गये पूल-ए के मुकाबले में नैना क्रिकेट एकेडमी ने मोहित गुप्ता 16 रन पर 3 विकेट तथा रॉविन सिंह 45 रन नाबाद की मदद से मंगलम क्रिकेट एकेडमी को 7 विकेट से हराकर 2 अंक अर्जित किये।

टॉस जीतकर मंलगम क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और 19 रन पर ही अपने 3 महत्वपूर्ण विकेट गवा दिये चौथे विकेट पर अनुज कुमार 35 रन तथा संयम जैन 34 रन ने मिलकर अपनी टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पंहुचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया और निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 121 रन बना लिये। गेंदबाजी में नैना क्रिकेट एकेडमी की ओर से मोहित गुप्ता 16 रन पर 3 विकेट, अमन सिंह 24 रन पर 2 विकेट, आरव चौधरी, आशीष शर्मा और मोहम्मद गाजी प्रत्येक 1-1 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहे।

जम्मू-कश्मीर ने राजस्थान को बराबरी पर रोका

जयपुर, 25 अक्टूबर। राजस्थान का पहला मैच जम्मू-कश्मीर के साथ खेला गया। कोच देवेन्द्र सिंह भाटी ने बताया की राजस्थान टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया और मैच के 16वे मिनट में ही राजस्थान टीम की ओर से जर्सी नंबर 16 ऐंजो सचिन ने गोल कर टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद जम्मू-कश्मीर ने 35वे मिनट गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके तुरंत बाद राजस्थान टीम ने जवाबी हमला करते हुए 36वे मिनट में जर्सी नंबर 11 में खेल रहे माधव चतुर्वेदी गोल कर राजस्थान को बढ़त दिला कर स्कोर 2-1 कर दिया और इसके बाद जम्मू-कश्मीर ने मैच के 44वे मिनट में गोल कर स्कोर 2-2 कर दिया । मैच के मध्यांतर तक राजस्थान टीम मैच पर अपनी पकड़ मजबूत बनाए रखी और स्कोर 2-2 रहा।